## नवागत कलेक्टर मृणाल मीणा ने संभाला पदभार

- कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों से किया परिचय



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 6 अगस्त.** नवागत कलेक्टर मृणाल मीणा ने गुरुवार सुबह कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर छतरपुर कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया. पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और प्रशासनिक कार्यों की प्रारंभिक जानकारी ली.

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नमः शिवाय अरजरिया, अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. अधिकारियों ने नवागत कलेक्टर का स्वागत करते हुए जिले की प्रशासनिक व्यवस्थाओं से अवगत कराया. कलेक्टर मृणाल मीणा ने कहा कि शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन और आमजन तक उनका लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी. पत्रकारों ने भी जिले की प्रमुख समस्याओं से उन्हें अवगत कराया.

### पत्रकारों ने उठाए प्रमुख मुद्दे

पत्रकारों ने जिले की विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से त्वरित समाधान की मांग की. उन्होंने राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण, गौशालाओं के बेहतर संचालन एवं आवारा गोवंश की समस्या के समाधान, अवैध उत्खनन पर सख्ती से रोक लगाने की आवश्यकता बताई. साथ ही नगर पालिका की सफाई, पार्किंग और पेयजल व्यवस्था सुधारने, जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं व एंबुलेंस व्यवस्था सुदृढ़ करने, जल विहार मेले का स्थान परिवर्तन तथा बनर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट पुन: शुरू कराने की मांग की. पत्रकारों ने स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर भी जोर दिया.

## मुड़हरा में पुल के ऊपर से बह रहा पानी

- जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे लोग
- नदी में बढ़े जलस्तर के बावजूद नहीं रुका आवागमन



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 6 अगस्त . गौरिहार अनुविभाग की ग्राम पंचायत मुड़हरा में लगातार बारिश के बाद नदी का जलस्तर बढ़ने से पुल के ऊपर से पानी बहने लगा है. इसके बावजूद ग्रामीण जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे हैं.**

गुरुवार सुबह सामने आए एक वीडियो में कई लोग बहते पानी के बीच से गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पर तेज बहाव होने के बावजूद लोग मजबूरी में आवागमन कर रहे हैं.ऐसे हालात में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. पुल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से लोगों की चिंता बढ़ गई है.ग्रामीणों ने प्रशासन से पुल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और लोगों की आवाजाही पर आवश्यक कदम उठाने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके.

## फर्जी बिल लगाकर लाखों का गबन करने का आरोप

- सरपंच-सचिव पर परिजनों के खातों में राशि ट्रांसफर करने का दावा
- ग्रामीणों ने आर्थिक अपराध शाखा से जांच और एफआईआर की मांग

**छतरपुर, 6 अगस्त. जिले की ग्राम पंचायत दलीपुर में सरकारी राशि के कथित गबन का मामला सामने आया है. ग्रामीणों ने सरपंच काशी लोधी और पंचायत सचिव पर मिलीभगत कर फर्जी बिल और मास्टर बिल के माध्यम से लाखों रुपये के भुगतान निकालने का आरोप लगाया है.**

ग्रामीणों का दावा है कि पंचायत में कई निर्माण और विकास कार्य केवल कागजों में दर्शाए गए, जबकि मौके पर उनका कोई अस्तित्व नहीं है.ग्रामीणों के अनुसार पंचायत रिकॉर्ड में फर्जी बिल और मस्टरोल तैयार कर सरकारी राशि निकाली गई. आरोप है कि इस राशि का भुगतान सरपंच के परिजनों के बैंक खातों में किया गया. उनका कहना है कि सरकारी योजनाओं की राशि का दुरुपयोग कर पंचायत को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है.मामले को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और लोकायुक्त से शिकायत कर आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) से जांच कराने की मांग की है. दोषियों से राशि की वसूली करने तथा एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है.

## रेलवे ट्रैक पर मिला 45 वर्षीय व्यक्ति का शव

- पत्नी ने पूर्व विवाद का हवाला देकर हत्या की आशंका जताई
- पुलिस ने मर्ग कायम कर सभी पहलुओं से जांच शुरू की



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 6 अगस्त. सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सटई रोड स्थित रेलवे ट्रैक पर 45 वर्षीय राकेश खरे का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान आवास कॉलोनी डी-37 गोरिया रोड निवासी राकेश खरे पिता ग्यासी प्रसाद के रूप में हुई है.**

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर मर्ग कायम किया.मृतक की पत्नी ममता खरे ने पति की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है. उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि घटना से एक दिन पहले मंदिर में पूजा-पाठ को लेकर मोहल्ले की कुछ महिलाओं से विवाद हुआ था. उनका आरोप है कि विवाद के बाद कुछ लोग उनके घर पहुंचे, गाली-गलौज और मारपीट की तथा धमकी भी दी. ममता का कहना है कि विवाद से जुड़े कुछ वीडियो भी उनके मोबाइल में मौजूद हैं.

ममता ने बताया कि अगले दिन वह पति की तबीयत खराब होने और पूर्व विवाद की शिकायत लेकर सिविल लाइन थाने पहुंची थीं. इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि उनके पति का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है. उन्होंने आवेदन में कुछ लोगों के नामों का उल्लेख करते हुए पूर्व में धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया है.सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष श्रोतिया ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की. पत्नी द्वारा दिए गए आवेदन, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है. उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा.

## गढ़ीमलहरा थाने के बाहर पुलिस की सघन चेकिंग



- वाहनों पर चालानी कार्रवाई

**महाराजपुर, 6 अगस्त.** सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गढ़ीमलहरा थाना पुलिस ने थाने के बाहर वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान भारी वाहनों एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई. पुलिस ने चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने और सुरक्षित वाहन चलाने के निर्देश भी दिए.

## वसूली मामले में आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी से देशी कट्टा और वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त
- दूसरे फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 6 अगस्त. राजनगर थाना क्षेत्र के बिरौना तिराहा पर अवैध वसूली के मामले में पुलिस ने जनसहयोग से आरोपी कुंज बिहारी पटेल को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार फरियादी से अवैध वसूली किए जाने की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था.**

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की.पुलिस ने कुंज बिहारी पटेल पिता मुल्ले पटेल, निवासी ग्राम जनकपुर थाना ईशानगर, हाल निवासी ग्राम पहाड़ी मैमारू थाना राजनगर को गिरफ्तार किया. आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा तथा वारदात में इस्तेमाल की गई टीवीएस मोटरसाइकिल जब्त की गई है.पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में लूट, चोरी, अवैध हथियार और रंगदारी सहित नौ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है, जबकि मामले के दूसरे फरार आरोपी की तलाश जारी है. कार्रवाई एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अतुल कुमार झा, पुलिस टीम एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से की गई.

## बाल विकास अधिकारी को किया निलंबित

- महिला एवं बाल विकास अधिकारी दिनेश दीक्षित निलंबित
- भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई का संदेश

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 6 अगस्त. आंगनबाड़ी में नौकरी दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोपों के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी दिनेश दीक्षित को निलंबित कर दिया गया है. नवागत कलेक्टर मृणाल मीणा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उनके निलंबन का प्रस्ताव सागर संभाग के आयुक्त को भेजा था.**

इस पर संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबन के आदेश जारी कर दिए.जानकारी के अनुसार, दिनेश दीक्षित पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती प्रक्रिया के दौरान नौकरी लगाने के बदले रिश्वत मांगने के आरोप लगे थे.शिकायत सामने आने के बाद मामले की जांच की गई, जिसके आधार पर कलेक्टर ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की.कलेक्टर मृणाल मीणा की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के प्रति सख्त रुख के रूप में देखा जा रहा है. प्रशासन का कहना है कि शासकीय योजनाओं और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

## बलकौरा में सवा दस लाख की लागत से बनाई गई पुलिया में आईं दरारें

**नवभारत न्यूज**

**चंदला, 6 अगस्त. लवकुशनगर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बलकौरा में सरपंच सचिव द्वारा बड़े भ्रष्टाचार सामने आ रहे है.हिंडोराबारी से बलकौरा मार्ग मंदिर के पास 10 लाख 26 हजार की लागत ने निर्मित पुलिया आज भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नजर आ रही है क्योंकि कई जगह से दरारें देखने को मिल रही है और ऊपर मटेरियल की कंकरीट हाथों से समिट रहा है.**



ग्रामीण छेदीलाल मिश्रा सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि मटेरियल कमजोर डाला गया है मानक के अनुसार मटेरियल नहीं डाला गया है जिससे ये पुलिया की दुर्दशा देखने को मिल रहे है सही मटेरियल डालते तो दरारें और मटेरियल हाथ से समिटता नहीं नजर आता लेकिन ये पंचायत का सौभाग्य नहीं दुर्भाग्य है जो अधिकारियों की नजर यहां नहीं पड़ रही है.जिससे सरपंच सचिव साहब मनमानी करते है और सभी निर्माण कार्यों पर कोताही देखने को मिलती है.

बलकौरा पंचायत में कई सीसी निर्माण हुए लेकिन कई आज टूट कर बिखरने लगे है, और कई में दरारें है उखड़ रही है, यह तो शासन की राशि का दुरुपयोग है जो सरपंच सचिव द्वारा खुलेआम किया जा रहा है और जिम्मेदारों की आँखे बंद नजर आ रही है.

इस पूरे मामले में लवकुशनगर जनपद सीईओ भारती ठाकुर से बात की गई कहना है कि अभी हम मीटिंग में है जानकारी भेज दीजिए हम जांच करवाते है जांच के उपरांत दोषी पाए जाने पर कार्यवाही भी की जाएगी.

## गांवों में अवैध शराब बिक्री का वीडियो वायरल, जांच की मांग तेज

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 6 अगस्त. नौगांव थाना क्षेत्र में गांव-गांव कथित रूप से अवैध शराब बेचे जाने का दावा करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो के बाद स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग और प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है.**



ग्रामीणों का आरोप है कि यदि गांवों में खुलेआम शराब बेची जा रही है तो इसका युवाओं और कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई.

## भारतीय विद्यार्थी सेना ने विश्वविद्यालय में किया प्रदर्शन

- कुलपति को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्थाएं सुधारने की मांग
- विश्वविद्यालय की अनियमितताओं पर नाराजगी



**छतरपुर, 6 अगस्त.** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में व्याप्त कथित अनियमितताओं के विरोध में गुरुवार को भारतीय विद्यार्थी सेना ने प्रदर्शन किया. दोपहर करीब 1 बजे संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता विश्वविद्यालय पहुंचे और कुलपति को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की.भारतीय विद्यार्थी सेना ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में लंबे समय से शैक्षणिक और प्रशासनिक स्तर पर कई अनियमितताएं बनी हुई हैं, जिससे विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.संगठन ने विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं में जल्द सुधार करने की मांग उठाई. विद्यार्थी सेना ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन करेगा. ज्ञापन के माध्यम से कुलपति से विद्यार्थियों के हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई.

## आज से शुरू होगा अभियान

**छतरपुर, 6 अगस्त .** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत जिले में आज 7 अगस्त से समाधान शिविरों की शुरुआत होगी. पहला शिविर नगर परिषद राजनगर ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा. अभियान की तैयारियों का जायजा लेने जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने राजनगर पहुंचकर अधिकारियों की बैठक ली. उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं



शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए. साथ ही अधिकारियों को प्रत्येक शुक्रवार क्षेत्र भ्रमण कर शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा. अभियान 8 जनवरी 2027 तक चलेगा, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविरों में आमजन की समस्याओं का मौके पर निराकरण करेंगे.

**अभियान** — बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

## एक पेड़ बेटी के नाम' के तहत हुआ पौधरोपण

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर,6 अगस्त. मिशन शक्ति एवं 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में मासिक धर्म स्वच्छता, बाल अधिकार एवं महिला सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए.**



कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना रहा.कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सोनल मिश्रा ने मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, सैनिटरी पैड के सही उपयोग तथा सुरक्षित निपटान की जानकारी दी. संरक्षण अधिकारी अनिल तिवारी ने पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों और बालिकाओं के कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। वहीं, वन स्टॉप सेंटर की रेखा शर्मा ने सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श (सेफ टच और अनसेफ टच) के बारे में जागरूक करते हुए महिला ऊर्जा डेस्क की भूमिका बताई.

> कार्यक्रम में रोहित अवस्थी ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया. कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ बेटी के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की.

## दो साल में 15,500 किमी की पदयात्रा पूरी

- 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम और 16 शक्तिपीठों के किए दर्शन
- अमन सोनी का खजुराहो में हुआ भव्य स्वागत



**छतरपुर, 6 अगस्त . टीकमगढ़ निवासी अमन सोनी करीब दो वर्षों में 15 हजार 500 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर गुरुवार को खजुराहो पहुंचे. इस दौरान उन्होंने देश के 12 ज्योतिर्लिंगों, चार धाम और 16 शक्तिपीठों के दर्शन कर अपनी धार्मिक यात्रा पूरी की.**

उनकी इस पदयात्रा को भक्ति, आस्था और दृढ़ संकल्प का प्रतीक माना जा रहा है.खजुराहो पहुंचने पर खजुराहो व्यापारी संघ और स्थानीय समाजसेवियों ने अमन सोनी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया.उपस्थित लोगों ने उनकी कठिन पदयात्रा की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनकी यात्रा को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया. अमन सोनी ने बताया कि उनकी पदयात्रा का उद्देश्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के साथ-साथ आस्था और सनातन संस्कृति का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है. करीब दो वर्षों तक चली इस यात्रा में उन्होंने देश के प्रमुख तीर्थस्थलों में दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण की.अमन सोनी अब बागेश्वर धाम के लिए रवाना होंगे.वहां दर्शन करने के बाद अगले तीन से चार दिनों में अपने गृह नगर टीकमगढ़ पहुंचेंगे.